आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिये नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में आज अमरोहा में एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन कराया। अब तक आठ सीटों पर कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार दूसरे चरण की मेरठ लोकसभा सीट पर दो, गाजियाबाद में एक और मथुरा और अमरोहा में एक एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनमानस से मतदान की अपील की जा रही है।

इस क्रम में आज मथुरा में मतदाता गीत का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी ने बताया कि यह गीत नगर निगम की सभी गाड़ियों के साथ ही नगर निगम के पीए सिस्टम से बजाया जाएगा। जिससे मुख्य चौराहों पर भी यह गीत आम मतदाताओं को सुनने को मिलेगा और उन्हें मतदान के प्रति प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि यह मतदाता गीत यातायात पुलिस को भी दिया जा रहा है, जिससे यह गीत जगह–जगह पर सुनाया जा सके और मतदाता तक पहुंच सके। उधर, कौशांबी में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एडीओ (पंचायत) और सचिव ग्राम पंचायत से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय॥ अगर कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो तत्काल अवगत भी कराया जाय।

उधर, फतेहपुर जिले के चितौरा ग्राम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्वीप आइकॉन द्वारा पहले चितौरा ग्राम के 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके 10 वृद्धजनों को सम्मानित कर के हुई। उसके बाद सभी सम्मानित वृद्धजनों से आने वाली 20 मई को स्वयं के साथ साथ पूरे ग्रामवासियों को मतदान करने को जागरूक करने के लिए निवेदन किया गया। इसी क्रम में अमरोहा के चोटीपुरा स्थित श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल द्वारा मतदान करें हम गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर बुलंदशहर में जनसमूह को सबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में आप के एक एक वोट की अहमियत है। अगर यह वोट सही व्यक्ति को मिल जाता है तो देश का विकास होता है। वहीं, गलत हाथों में जाने से जनता को विकास से दूर हो जाना पड़ता है। हाथरस और गौतमबुद्धनगर में श्री योगी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और 2014 के बाद के विकास को आप देख सकते हैं। उधर, रामपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ी है।

****

संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर आज से प्रदेश भर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत हुई। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर के लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। गोरखपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी ने संचारी रोग अभियान का शुभारंभ शपथ दिलाकर किया। इसके बाद जनजागरूकता वाहनों को हरी झंडी भी दिखाई ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा है कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागीय प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक सहयोग की अहम भूमिका है। उधर, संचारी रोग नियन्त्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत आज मिर्जापुर मे मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय के परिसर में रैली को अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉक्टर शोभना दूबे ने हरी झण्डी दिखाकर अभियान की शुरूआत की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसी क्रम में फर्रुखाबाद और चित्रकूट में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत जागरूकता रैली को रवाना किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न गतिविधियों जैसे झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव समेत अन्य जनजागरूकता कार्यो को करेंगे।

****

सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और भजन सम्राट अनूप जलोटा ने आज अलग अलग अयोध्या में रामलला के दर्शन पूजन कर के मंगल कामना की। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि पहले की अयोध्या और आज की अयोध्या में बहुत अंतर आ गया है। पहले अयोध्या सूनी थी, अब राम आ गए हैं तो अयोध्या आकर्षण का केंद्र बन गई है। उधर, भजन सम्राट अनूप जलोटा ने आज साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और थाईलैंड सहित कई देशों के 45 सदस्यीय दल के साथ रामलला के दर्शन किए।

****

प्रदेश में अप्रैल महीने के पहले दिन से ही गर्मी बढ़ने के संकेत मिल गए हैं। धूल भरी हवा से लोगों को सड़कों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं तेज धूप ने भी तापमान को बढा दिया है। मौसम विशेषज्ञ जे पी गुप्ता का कहना है कि अनुमान लगाया जा रहा है कि गर्मी अब बहुत तेज रफ्तार में बढ़ेगी।

****